आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ में उपचुनाव की अधिसूचना जारी–भाजपा ने उम्मीदवार किए घोषित।
- प्रदेश के सभी ज़िलों में मैगा मॉकड्रिल का आयोजन–राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने संचार स्थापित करने व प्रतिक्रिया में लगने वाले समय को कम करने पर दिया बल।
- शिमला का चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव कल से– राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे शुभारम्भ।
- प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी–कई स्थानों पर तापमान 43 डिग्री पार।

................

–

अधिसूचना

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ में उप–चुनाव के लिए अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। इसके साथ ही आज से नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य भी शुरू हो गया है। हमीरपुर व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन के पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। भारत निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित की है जबकि 24 जून को नामांकन पत्रों

की जांच होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून तय की गई है। उपचुनाव के लिए मतदान 10 जुलाई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

उपचुनाव

इस बीच प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। तीन पूर्व निर्दलीय विधायकों को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। देहरा विधानसभा क्षेत्र से होशियार सिंह, नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से के.एल. ठाकुर और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से आशीष शर्मा को टिकट दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ये तीनों डेढ़ वर्ष पहले विधानसभा के लिए बतौर निर्दलीय चुने गए थे। इसी साल 22 मार्च को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद ये तीनों भाजपा में शामिल हुए थे।

वहीं कांग्रेस पार्टी भी तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नामों पर मंथन कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पार्टी हाईकमान से प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा करने के लिए दिल्ली गए हैं।

निर्वाचन आयोग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के संबंध में यह स्पष्ट किया है कि कांगड़ा व सोलन जिलों के केवल उन विधानसभा क्षेत्रों में ही आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी जिनमें उपचुनाव होने हैं। उन्होंने बताया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत पूरे हमीरपुर जिला में आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कांगड़ा जिला के देहरा विधानसभा क्षेत्र, सोलन जिला के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में ही आदर्श आचार संहिता लागू होगी जबकि इन जिलों के बाकी क्षेत्र आदर्श आचार संहिता के दायरे में नहीं आयेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक

आदर्श आचार संहिता व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

<u>मैगा मॉकड्रिल</u>

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आज प्रदेश के सभी जिलों में 85 स्थानों पर मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। राज्य सचिवालय शिमला में इसके लिए कमांड सेंटर स्थापित किया गया था। कमांड सेंटर में विभिन्न जिलों में हुई मॉकड्रिल की निगरानी की गई। इस दौरान कमांड सेंटर शिमला में मौजूद राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने उपायुक्तों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत की और धरातल पर किए जा रहे अभ्यास के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संचार स्थापित करने और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय को न्यूनतम किया जाए ताकि जान–माल का जोखिम कम से कम हो। बागवानी मंत्री ने मनाली, कुल्लू, मंडी और लाहौल जैसे आपदा संभावित क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति में सैटेलाइट फोन के माध्यम से संचार स्थापित करने पर भी बल दिया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि आगामी समय में कई जगहों पर मौसम केन्द्र भी स्थापित किए जाएंगे जिससे आपदा का जोखिम कम करने में सहायता मिलेगी। जगत सिंह नेगी ने हिमस्खलन से संभावित खतरे को लेकर सेंसर तकनीक का इस्तेमाल करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में श्रमशक्ति को भी बढ़ाया जाएगा।

<u>मैगा मॉकड्रिल–2</u>

एनडीआरएफ के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सेवानिवृत्त सुधीर बहल ने सभी जिलों से मॉकड्रिल के दौरान पेश आई चुनौतियों के बारे में जानकारी ली और समस्याओं के समाधान के सुझाव भी लिए।

मुलाक़ात

बिहार लोकसेवा आयोग से चयनित प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज शिमला में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। ये 59 प्रशिक्षु अधिकारी हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासनिक संस्थान फेयर लॉन शिमला में 4 दिन से प्रशिक्षण पर हैं। ये प्रशिक्षण भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत चल रहा है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बताया कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा देश की पहली काग़ज रहित विधानसभा है जहां सारा काम–काज ऑनलाईन किया जाता है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को अपने राज्य में जनहित के कार्यों को तनमन से करने की सलाह दी।

अग्निहोत्री

राज्य सरकार ने महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत पहले चरण में 1500 रुपये प्रतिमाह देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ये जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की 48 हजार महिलाओं के खाते में तीन महीने के पैसे एक साथ डाले गए हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि अगले चरण में बाकी महिलाओं को भी ये राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पांचवी चुनावी गारंटी को पूरा कर दिया है और पहले चरण में 23 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है।

जयराम ठाकुर

प्रदेश में तीन सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए कांग्रेस व भाजपा एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निर्दलीय विधायकों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों पर सरकार को समर्थन देने का दबाव बनाया जा रहा था और ऐसा न करने पर विधायकों व उनके परिवारों को सरकार प्रताड़ित कर रही थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर विधानसभा अध्यक्ष पहले ही इन तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर कर लेते तो लोकसभा चुनाव के साथ ही ये चुनाव भी हो जाते। उन्होंने दावा किया कि भाजपा इन तीनों सीटों पर जीत हासिल करेगी।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और मुख्यमंत्री सत्ता व कुर्सी बचाने में लगे हैं। दिल्ली के जल संकट को लेकर उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार को एग्रीमेंट की उल्लंघना नहीं करनी चाहिए और पानी को लेकर मुख्यमंत्री को प्रभावी ढंग से अपना पक्ष रखना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सीपीएस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी नियुक्तियों को असंवैधानिक ठहराया है और उम्मीद है कि अब सुनवाई के बाद हिमाचल में भी न्याय होगा।

ग्रीष्मोत्सव

शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव कल 15 जून को शुरू होगा। 18 जून तक चलने वाले इस ग्रीष्मोत्सव का शुभारम्भ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। ग्रीष्मोत्सव के दूसरे दिन 16 जून को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और इस दिन प्रसिद्ध पार्श्व गायक साज भट्ट लोगों का मनोरंजन करेंगे। ग्रीष्मोत्सव के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। ग्रीष्मोत्सव के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें हिमाचल सहित पंजाब, राजस्थान, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश व पटियाला के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान में वृद्धि के चलते तपती गर्मी का प्रकोप जारी है। आज प्रदेश के ऊना, बिलासपुर और सिरमौर ज़िलों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकार्ड किया गया। इसी तरह कांगड़ा व हमीरपुर में पारा 41 डिग्री और मंडी व चंबा में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी शिमला में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के कुछ स्थानों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

वीरता स्थल

सेना प्रशिक्षण कमान आरट्रैक के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, ने सैनिकों के योगदान को मान्यता देने के लिए शिमला में आरट्रैक थीमेटिक पार्क 'वीरता स्थल' का आज लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सैनिकों को प्रशिक्षित करने में आरट्रैक द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का भी जिक्र किया।

नए कानून

नए आपराधिक कानून यानि, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एक जुलाई 2024 से लागू हो रहे हैं। नए कानूनों के बारे में जानने के लिए "NCRB Sankalan of Criminal Laws" मोबाइल एप को आप प्ले स्टोर या एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। यह एप एक व्यापक गाइड के रूप में कार्य करता है जो एक ही स्थान पर नए आपराधिक कानूनों के बारे में पूरी जानकारी प्रदान करता है।

वानिकी परियोजना

जाईका वानिकी परियोजना के तहत स्पीति उपमंडल की महिलाएं सशक्तिकरण की मिसाल बन गई है। परियोजना के साथ जुड़कर 12 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं गलिचे व पारम्परिक परिधान दोहड़ू बनाने का बेहतरीन कार्य कर रही हैं। फोरेस्ट रेंज ताबो और बी. एम.सी. सब कमेटी माने गोगमा के जोमसा और मानेतंग स्वयं सहायता समूहों को परियोजना के तहत 12 खड्डी मशीने वितरित की गई। जाईका वानिकी परियोजना के एस.एम.एस. आशुतोष पाठक ने बताया कि इन महिलाओं को गलिचा व दोहड़ू तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया है और ये महिलाएं पुश्तैनी व रोजगा संस्कृति को आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भरता से आजीविका अर्जित कर रही है।

--------------------------